## एक नजर में

### दीवाने झूलेलाल सांई के नाम से आयोजन शीघ्र

**खंडवा।** सिंधी सेवा मंडली के नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय सभनानी का नागरिक अभिनंदन शीघ्र ही किया जाएगा। दीवाने झूलेलाल साईं के नाम के संस्था के जैकी रेवतानी और काली सहजवानी ने बताया कि सिंधी धर्मशाला के चुनाव में निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए संजय सभनानी का अतिशीघ्र श्री झूलेलाल मंदिर में सम्मान किया जाएगा,साथ ही समाज के कई गणमान्यजन का जन्मदिवस भी सामूहिक रूप से मनाया जाएगा। सिंधी समाज के प्रवक्ता कमल नागपाल ने कहा कि इन आयोजनों का उद्देश्य आपसी एकता और भाईचारे में कायम करना है।

### महावीर जयंती पर रहेगा अवकाश आज

**खंडवा।** महावीर जयंती के लिए पूर्व में घोषित 31 मार्च के अवकाश के स्थान पर अब खण्डवा जिले में 30 मार्च का अवकाश घोषित किया गया है। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। उन्होंने बताया कि अब 31 मार्च 2026 मंगलवार को सभी शासकीय कार्यालय एवं संस्थायें पूर्ववत खुले रहेंगे ।

### नवकार नगर में 2 अप्रैल प्राकृतिक चिकित्सा शिविर

**खंडवा।** नवकार नगर स्थित नक्षत्र गार्डन में 2 से 6 अप्रैल तक पाँच दिवसीय शरीर शुद्धि प्राकृतिक चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर का आयोजन अखिल विश्व गायत्री परिवार की प्रेरणा तथा लायन्स क्लब खंडवा के सहयोग से किया जा रहा है।

समाजसेवी नारायण बाहेती और सुनील जैन ने बताया कि शिविर में देव संस्कृति विश्वविद्यालय से प्रशिक्षित तथा वायु सेना में सेवा दे चुके प्राकृतिक चिकित्सक व न्यूरोथेरेपिस्ट आचार्य सुरेश चौधरी उपचार व मार्गदर्शन देंगे। शिविर से पूर्व आयोजित बैठक में उन्होंने रोगमुक्त, दवामुक्त और तनावमुक्त जीवन के लिए प्राकृतिक जीवनशैली अपनाने पर जोर दिया।

उन्होंने बताया कि भोजन के एक घंटे पहले और बाद में ही पानी पीना चाहिए तथा भोजन के समय अधिक पानी नहीं लेना चाहिए। शिविर प्रतिदिन प्रात: 5:30 से 10:30 बजे तक नक्षत्र गार्डन में लगेगा, जिसमें प्राकृतिक पद्धति से ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, कब्ज, गैस, एसिडिटी, घुटने व कमर दर्द, सर्वाइकल और माइग्रेन जैसी समस्याओं के उपचार व बचाव संबंधी जानकारी दी जाएगी।

डॉ. अजय लाड़ और लोकेश स्वामी ने बताया कि 1 अप्रैल को शाम 6 बजे अनुशासन गोष्ठी आयोजित होगी। आयोजकों ने इच्छुक लोगों से शीघ्र पंजीयन कराने की अपील की है।

### कपिल मिश्रा ने मरणोपरांत की देहदान की घोषणा



**खंडवा।** शहर के बड़ाबम क्षेत्र निवासी कपिल मिश्रा ने मरणोपरांत देहदान करने का घोषणा पत्र लायन्स नेत्रदान देहदान व अंगदान जनजागृति समिति को सौंपा। यह समिति द्वारा कराया गया 169वां देहदान पंजीकरण है।

जानकारी देते हुए सक्षम संस्था के अध्यक्ष व समिति संयोजक समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि लायन्स क्लब खंडवा और लियो क्लब खंडवा द्वारा नेत्रदान, देहदान और अंगदान के लिए लगातार जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान से प्रेरित होकर तथा पूर्व में देहदान की घोषणा कर चुके हेमंत डोंगरे की प्रेरणा से कपिल मिश्रा ने अपनी पत्नी माधुरी मिश्रा और पुत्र ऋषि मिश्रा की सहमति से घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर किए।

कपिल मिश्रा ने कहा कि मृत्यु के बाद शरीर को नष्ट करने की बजाय यदि वह किसी के काम आए तो यह मानवता की सच्ची सेवा होगी। समिति के अनुसार अब तक 22 देह मेडिकल कॉलेजों को अध्ययन के लिए सौंपे जा चुके हैं, जबकि 521 दिवंगत व्यक्तियों के नेत्रदान सफलतापूर्वक कराए जा चुके हैं।

### संकल्प से समाधान शिविर आज गौरी कुंज में

**खण्डवा ।** संकल्प से समाधान अभियान के तहत प्रत्येक व्यक्ति को उसकी पात्रता के अनुसार सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करने का प्रयास किया जा रहा है। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बताया कि इस अभियान के तहत पिछले दिनों क्लस्टर स्तर पर और सभी विकासखंड मुख्यालय स्तर पर शिविर आयोजित किए जा चुके हैं। अब जिला स्तरीय शिविर खंडवा में 30 मार्च को स्थानीय गौरीकुंज सभागृह में आयोजित किया जाएगा। यह शिविर दोपहर 2 बजे से आयोजित होगा। उन्होंने सभी विभागों के जिला अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इस शिविर में अपने-अपने विभाग से संबंधित प्राप्त आवेदनों का निराकरण करते हुए, प्रत्येक व्यक्ति को उसकी पात्रता अनुसार सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें।

### शहर में जलसंकट का स्थायी समाधान



**खंडवा ।** नर्मदा पाइपलाइन खंडवा शहर के लिए वरदान साबित हुई है। महापौर अमृता अमर यादव के कुशल मार्गदर्शन और जल विभाग की टीम के अथक प्रयासों से इस भीषण गर्मी में भी शहरवासियों को पर्याप्त जल उपलब्ध हो रहा है। पूर्व में विश्वा कंपनी द्वारा संचालित पाइपलाइन के बार-बार लीकेज होने के कारण शहर में पानी की भारी किल्लत बनी रहती थी, जिससे निपटने के लिए प्रशासन को टैंकरों का सहारा लेना पड़ता था और जनता में रोष व्याप्त रहता था। हालांकि, महापौर द्वारा चुनाव के समय किए गए वादे के अनुरूप, अब नई पाइपलाइन का कार्य अपने अंतिम चरण में है और इसके सकारात्मक परिणाम दिखने लगे हैं।

विशेष रूप से पदम कुंड वार्ड की गुप्ता गली, जहाँ वर्षों से पानी की समस्या बनी हुई थी, वहां जल विभाग के प्रभारी राजेश यादव और उनकी टीम के चार दिनों के कड़े परिश्रम के बाद अब नलों में 10 फीट की ऊँचाई तक का प्रेशर देखा जा रहा है। इतवारा बाजार की नई टंकी के माध्यम से लगभग 10 वार्डों में जलापूर्ति सुनिश्चित होने से क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल है। समाजसेवी सुनील जैन और स्थानीय निवासियों ने निगम प्रशासन की इस तत्परता की सराहना की है, जिससे शहर अब टैंकर मुक्त और जल-समृद्ध होने की दिशा में अग्रसर है।

# एल्डरमैन नियुक्तियों की पहली सूची से खंडवा गायब

## स्थानीय गुटबाजी में फंसा कार्यकर्ताओं का सम्मान!

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** मध्यप्रदेश शासन के नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा प्रदेश की 123 नगर परिषदों के लिए पार्षदों के मनोनयन की बहुप्रतीक्षित सूची जारी कर दी गई है, लेकिन इस सूची ने खंडवा जिले के राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी है, क्योंकि 123 निकायों की इस विस्तृत फेहरिस्त में खंडवा जिले की एक भी नगर परिषद मुंदी, हरसूद, पंधाना, ओंकारेश्वर का नाम शामिल नहीं है ।




**खंडवा की फाइल 'ठंडे बस्ते' में :** हैरानी की बात यह है कि खंडवा के पड़ोसी जिलों में नियुक्तियों की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। जारी आदेश के अनुसार

बुरहानपुर की नगर परिषद् शाहपुर में नियुक्तियां हुई हैं।

खरगोन - बड़वानी जिले की कसरावद, बिस्टान, मंडलेश्वर, भीकनगांव, महेश्वर और करही जैसी नगर परिषदों में एल्डरमैन मनोनीत किए जा चुके हैं।

देवास जिले की 12 नगर परिषदों में पार्षदों के नाम घोषित कर दिए गए हैं। इसके बावजूद खंडवा का नाम गायब होना जिले के भाजपा नेतृत्व और संगठन की 'खींचतान' की ओर इशारा कर रहा है।

**दावेदारों की फौज और गुटबाजी का 'वीटो' :** सूत्रों की मानें तो खंडवा की फाइल रुकने का मुख्य कारण सांसद, विधायकों और जिला संगठन के बीच नामों पर आम सहमति न बन पाना है। जिले के प्रत्येक कद्दावर नेता अपने समर्थकों को 'एडजस्ट' कराने की जुगत में हैं। जब तक क्षेत्रीय और जातीय समीकरणों को लेकर एक राय नहीं बनती, तब तक सरकार विवादित सूची जारी करने से बच रही है।

### कार्यकर्ताओं में मायूसी और बढ़ता राजनीतिक वनवास

लंबे समय से सत्ता में सक्रिय कार्यकर्ताओं को उम्मीद थी कि इस सूची के जरिए उनका 'राजनीतिक वनवास' खत्म होगा। लेकिन पहली खेप में नाम न होने से निष्ठावान कार्यकर्ताओं में मायूसी साफ देखी जा सकती है। नाम न छापने की शर्त पर एक कार्यकर्ता ने कहा, 'जब पड़ोसी जिलों में नियुक्तियाँ हो रही हैं, तो खंडवा की फाइल क्यों रुकी है? क्या जिले के नेतृत्व में इच्छाशक्ति की कमी है या आपसी मतभेद कार्यकर्ताओं के सम्मान पर भारी पड़ रहे हैं?'

### अगली खेप का इंतजार :

फिलहाल मुंदी, हरसूद, पंधाना और ओंकारेश्वर के दावेदार भोपाल की ओर टकटकी लगाए बैठे हैं। अब गेंद जिले के दिग्गजों के पाले में है—क्या वे आपसी मतभेद भुलाकर एक जाजम पर आ पाएंगे, या खंडवा के कार्यकर्ताओं को अभी और लंबा इंतजार करना होगा?




## मोकलगांव टोल बूथ पर बढ़ेगा टोल टैक्स 1 से

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने नए वित्तीय वर्ष के लिए टोल दरों में संशोधन करते हुए नई सूची जारी कर दी है। इसके तहत इंदौर-एदलाबाद नेशनल हाईवे पर स्थित खंडवा जिले के मोकलगांव टोल प्लाजा पर 1 अप्रैल 2026 से नई दरें लागू होंगी। अलग-अलग श्रेणी के वाहनों के टोल शुल्क में 5 रुपये से लेकर 25 रुपये तक की बढ़ोतरी की गई है।

नई दरों के अनुसार कार, जीप और वैन जैसे हल्के निजी वाहनों के लिए एकल यात्रा का शुल्क 100 रुपये से बढ़ाकर 105 रुपये कर दिया गया है, जबकि वापसी यात्रा का शुल्क 150 रुपये से बढ़ाकर 155 रुपये निर्धारित किया गया है। हल्के वाणिज्यिक वाहन (एलसीवी) और मिनी बस के लिए एकल यात्रा का टोल 165 रुपये तथा वापसी का शुल्क 250 रुपये तय किया गया है। दो धुरी वाले बस और ट्रक के लिए एकल यात्रा का टोल अब 350 रुपये कर दिया गया है। वहीं सात या उससे अधिक धुरी वाले भारी कमर्शियल वाहनों के लिए एकल यात्रा का शुल्क बढ़ाकर 665 रुपये कर दिया गया है।

टोल प्लाजा के 20 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले गैर-वाणिज्यिक स्थानीय वाहन चालकों को राहत दी गई है। उनके मासिक पास की दर में कोई बदलाव नहीं किया गया है और यह पहले की तरह 340 रुपये ही रहेगी। उल्लेखनीय है कि यह राष्ट्रीय राजमार्ग खंडवा को बुरहानपुर के रास्ते इंदौर से जोड़ता है, इसलिए टोल दरों में होने वाला यह वार्षिक संशोधन निजी वाहन मालिकों और परिवहन व्यवसाय से जुड़े लोगों को सीधे प्रभावित करेगा।

## 17 केंद्रों पर समर्थन मूल्य पर चना खरीदी

### 30 मार्च से शुरू होगी खरीदी

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** मध्यप्रदेश सरकार द्वारा चने के लिए निर्धारित 5875 रुपए प्रति क्विंटल के समर्थन मूल्य पर जिले में उपार्जन की प्रक्रिया सोमवार, 30 मार्च से प्रारंभ होने जा रही है। जिला उपार्जन समिति के निर्णयानुसार इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए पूरे जिले में कुल 17 केंद्र स्थापित किए गए हैं। यह उपार्जन प्रक्रिया आगामी 28 मई तक निरंतर जारी रहेगी, जिससे जिले के किसानों को अपनी उपज का सही मूल्य मिल सके।

उपार्जन व्यवस्था को पारदर्शी और सुचारू बनाने के लिए प्रशासन ने व्यापक तैयारियां की हैं। इन केंद्रों की सूची में सेन्ट्रल वेयरहाउस खंडवा, वर्मा वेयरहाउस कोरगला, ममता वेयरहाउस बावडिया काजी, श्रीराम वेयरहाउस अमलपुरा, पूर्णिमा वेयरहाउस पिपलोदखास और श्री बालाजी वेयरहाउस केहलारी जैसे प्रमुख स्थल शामिल हैं। इनके साथ ही जय भोले वेयरहाउस गुडीखेड़ा, यशवंत वेयरहाउस दोंदवाड़ा, सृष्टि वेयरहाउस पंधाना, मंजू पटेल वेयरहाउस गोंडखेड़ा, अक्षिता एग्रो वेयरहाउस पुनासा, सीड्स एंड ग्रेन्स वेयरहाउस करोली, दिव्य शक्ति वेयरहाउस जोगीबेड़ा, बिरदीचंद गुप्ता वेयरहाउस खेड़ी, पटेल वेयरहाउस नया हरसूद, महादेव वेयरहाउस खेरखेड़ा और सिद्दी वेयरहाउस गंभीर को भी केंद्र बनाया गया है।

कलेक्टर ने सख्त निर्देश जारी किए हैं कि सभी केंद्रों पर उपार्जन कार्य शुरू होने से पूर्व गुणवत्ता सर्वेयरों की नियुक्ति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए, जिन्हें मार्कफेड द्वारा विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। केंद्रों पर केवल गुणवत्तापूर्ण स्कंध ही उपार्जित किया जाएगा। यदि किसी किसान का उत्पाद निर्धारित मानकों पर खरा नहीं उतरता है, तो उसकी जानकारी पृथक रजिस्टर में दर्ज कर किसान को अपग्रेडेशन की समझाइश दी जाएगी।

किसानों की सुविधा के लिए सभी केंद्रों पर छन्ना, पंखा, क्लीनिंग ग्रेडिंग मशीन, मॉइश्चर मीटर और टेस्टिंग किट जैसी आवश्यक मशीनरी उपलब्ध रखने के आदेश दिए गए हैं। चने की आवक अधिक होने की संभावना को देखते हुए उपार्जन केंद्रों पर पर्याप्त तौल-कांटों की व्यवस्था की गई है, जिनका नापतौल विभाग से सत्यापन कराया जा चुका है। प्रशासन का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि उपार्जन के दौरान किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और पूरी प्रक्रिया तय समय सीमा के भीतर सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो।

## स्वयं के स्वरूप को पहचानना ही ईश्वर प्राप्ति : दीदी चेतना भारती




**खंडवा।** निमाड़ के लोक-संस्कृति के प्रतीक संत शिरोमणि सिंगाजी महाराज की महिमा ग्राम कोलाडिट में गूंज रही है। रविवार को ग्रामवासियों के सहयोग से संत सिंगाजी परचरी पुराण का शुभारंभ हुआ। कथा के पूर्व निमाड़ की गौरव दीदी चेतना भारती के सानिध्य में कलश शोभायात्रा निकाली गई, जो प्रमुख मार्गों से होते हुए कथा पाण्डाल पहुंची। मार्ग में श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर दीदीश्री का स्वागत किया।

कथा के प्रथम दिवस व्यासपीठ से दीदी चेतना भारती ने कहा कि वर्तमान में हर प्राणी माया की मार झेल रहा है, जिसके कारण वह अशांति और कष्टों के चक्रव्यूह में फंसा है। उन्होंने समझाया कि संसार के क्षणभंगुर सुखों को सत्य मानकर मनुष्य खाली हाथ इस दुनिया से विदा होता है और बार-बार कष्टप्रद योनियों में जन्म लेता है। संत सिंगाजी महाराज के जीवन दर्शन का उल्लेख करते हुए कहा कि सिंगाजी जैसे विरले महापुरुष ही होते हैं जो क्षुद्र सांसारिक मोह को त्यागकर विराट परमात्मा का आलिंगन करते हैं। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि कथाओं में अब युवा वर्ग भी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहा है, जो संस्कारों के संरक्षण का शुभ संकेत है। ग्राम में इस आयोजन को लेकर भारी उत्साह और भक्ति का वातावरण देखा जा रहा है।

## इतवारा की अस्थायी दुकानें मंडी परिसर में होंगी शिफ्ट

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने और इतवारा बाज़ार में लगने वाले जाम की समस्या को देखते हुए प्रशासन ने बड़ा निर्णय लिया है। कलेक्टर ऋषव गुप्ता के निर्देश पर अब इतवारा बाज़ार की लगभग 300 से 400 अस्थायी दुकानें सड़क के बजाय पुरानी अनाज मंडी परिसर के भीतर लगाई जाएंगी। यह नई व्यवस्था अगले रविवार से प्रभावी होगी।



नगर निगम आयुक्त प्रियंका राजावत, एसडीएम ऋषि कुमार सिंघई और मंडी सचिव रामवीर किरार सहित राजस्व अधिकारियों ने शनिवार को पुरानी अनाज मंडी का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने दुकानों के आवंटन के लिए परिसर के भीतर स्थान चिन्हित किए।

नगर निगम आयुक्त श्रीमती राजावत ने बताया कि इतवारा बाज़ार में सड़क किनारे बड़ी संख्या में दुकानें लगने के कारण आवागमन में काफी असुविधा होती थी और लगातार यातायात बाधित होने की शिकायतें मिल रही थीं। इस समस्या के स्थाई समाधान के लिए अब पूरा बाज़ार मंडी प्रांगण के अंदर ही संचालित किया जाएगा।

प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, कल 29 मार्च को संबंधित व्यापारियों से चर्चा कर उन्हें इस बदलाव के संबंध में समझाइश दी जाएगी। व्यापारियों की सहमति और चर्चा के उपरांत अगले रविवार से मंडी परिसर के भीतर व्यापारिक गतिविधियां शुरू हो जाएंगी, जिससे आम जनता को सुगम यातायात की सुविधा मिल सकेगी। निरीक्षण के दौरान राजस्व अधिकारी प्रकाश राजपूत सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।



## खालवा में छात्रों ने श्रमदान कर बनाया सोखता गड्ढा

**खंडवा।** जन अभियान परिषद के तहत संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम खालवा के छात्र-छात्राओं ने जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत खालवा के उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में हैंडपंप के पास श्रमदान कर सोखता गड्ढे का निर्माण किया और उसका रंग-रोगन भी किया। इस अवसर पर विकासखंड समन्वयक ललित पवार एवं परामर्शदाता तीरथ सिंह देवड़ा, मोहन मालवीय, नेपाल सिंह पवार एवं मोहन रोकड़े भी उपस्थित थे।

### जन्म कल्याणक महोत्सव में निकाली जाएगी प्रभातफेरी

## महावीर जयंती पर रथ यात्रा और सामूहिक आयोजनों की तैयारी पूर्ण

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर और अहिंसा के प्रणेता भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव आज उत्साह के साथ मनाया जाएगा। सकल जैन समाज के सचिव सुनील जैन और पोरवाड़ दिगंबर जैन समाज के मीडिया प्रभारी प्रेमांशु चौधरी ने बताया कि वर्षों पूर्व जैन मुनि तरुण सागर जी महाराज एवं कमल मुनि जी द्वारा लिए गए निर्णय के अनुरूप, पूरा जैन समाज सामूहिक रूप से इस महापर्व को मना रहा है।

महोत्सव का शुभारंभ सोमवार सुबह 5:30 बजे श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर, सराफा से निकलने वाली प्रभात फेरी के साथ होगा। विभिन्न मार्गों से होती हुई यह फेरी सराफा स्थित तुलसी उद्यान पहुंचेगी। यहाँ मुख्य अतिथि वीरेंद्र कुमार जैन, विनोदिनी जैन और सुभद्रा बाई जैन द्वारा झंडा वंदन किया जाएगा। इसके उपरांत रथ के पात्रों की बोली और प्रफुल्ल कुमार जैन द्वारा प्रभावना वितरण का कार्यक्रम संपन्न होगा। सराफा मंदिर में आकर्षक पालना भी सजाया गया है। सुबह आठ बजे भगवान महावीर की रथ यात्रा सराफा मंदिर से प्रारंभ होगी। यह यात्रा रामगंज, बुधवारा, केवलराम पेट्रोल पंप और बॉम्बे बाजार होते हुए सुबह नव बजे घंटाघर स्थित कीर्ति स्तंभ पहुंचेगी। यहाँ एसडीएम ऋषि सिंघई, डॉ सुभाष जैनी, सुरेशचंद लोहाडिया और अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। इसके बाद रथ यात्रा घासपुरा स्थित महावीर दिगंबर जैन मंदिर और नमिनाथ श्वेतांबर जैन मंदिर पहुंचेगी, जहाँ सामूहिक आरती होगी। यात्रा अंत में पुन: सराफा मंदिर पर संपन्न होगी।



### धार्मिक अनुष्ठान और स्वामी वात्सल्य

सुबह ग्यारह बजे श्री पोरवाड़ दिगम्बर जैन धर्मशाला में अभिषेक, पूजन और शांतिधारा का आयोजन होगा। इसके पश्चात अग्रवाल धर्मशाला में सकल जैन समाज और जैन सोशल ग्रुप द्वारा सामूहिक भोज रखा गया है। समाज के पदाधिकारियों ने अपील की है कि पुरुष श्वेत वस्त्र और महिलाएं केसरिया परिधान में शामिल होकर चल समारोह की शोभा बढ़ाएं। शहर के विभिन्न जैन मंदिरों में पालना झूलन के विशेष कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे